केन्द्रीय सतर्कता आयोग के समक्ष राष्ट्रद्रोह के मामले

1337. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस समय राष्ट्रद्रोह के कितने मामलों की छान-बीन की जा रही है ; और

(ख) इस प्रकार के मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में उपमंत्री गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) और (ख) शून्य । केन्द्रीय सतर्कता आयोग राष्ट्रद्रोह के मामलों की जांच नहीं करता ।

उत्तर प्रदेश का औद्योगिक विकास

1338. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए योजना आयोग द्वारा कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ; और

(ख) कौन-कौन से उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं और वे कहां-कहां स्थित होंगे ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) सातवीं पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश राज्य में राज्य योजनाओं के अन्तर्गत औद्योगिक विकास के लिए 599.73 करोड़ रु० का प्रावधान किया गया है । इसमें उद्योगों (ग्राम और लघु उद्योगों को छोड़कर) के लिए 399.63 करोड़ रुपये, ग्राम और लघु उद्योगों के लिए 171.50 करोड़ रुपये और खनिज उद्योगों के लिए 28.60 करोड़ रुपये शामिल हैं । उपर्युक्त के अतिरिक्त, सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में मौजूदा केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनाओं के विस्तार के लिए 757.15 करोड़ रुपये के परिव्यय का अनुमोदन किया गया है ।

(ख) उत्तर प्रदेश में स्थापित की जा रही कुछ प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं का प्रकार और अवस्थिति अथवा उद्योगों की अवस्थिति के बारे में नीचे बताया गया है :—

क्रम सं०	औद्योगिक इकाई/परियोजना का नाम	अवस्थिति
1.	भारतीय कृषक उर्वरक कॉआपरेटिव लि०	आंवला (बरेली)
2.	इंडो-गल्फ उर्वरक और रसायन निगम	जगदीशपुर (सुल्तानपुर)
3.	टाटा उर्वरक प्रा० लि०	बबराला (बदायूं)
4.	एपीजे उर्वरक लि०	शाहजहाँपुर
5.	भारतीय तेल निगम का प्रोपीलिन और बूटीलिन रिकवरी संयंत्र	मथुरा
6.	केन्द्रीय प्लास्टिक्स इंजीनियरी और टूल्स संस्थान का क्षेत्रीय विस्तार केंद्र	लखनऊ
7.	भारी उपस्कर मरम्मत वर्कशाप	वाराणसी